an>

Title:Need to attach extra coaches in trains running between Kachch and Mumbai and to introduce a new train on the same route.

श्री विनोद लखमाशी चावड़ा (कच्छ) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से अपने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण बात कहना चाहता हूं। मेरे क्षेत्र कच्छ और महाराÂट्र की जनता सांस्कृतिक, औद्योगिक रोजगार के संदर्भ में परस्पर जुड़ी हुई है। देश का आर्थिक नगर मुम्बई है इसलिए देश के हर प्रांत के साथ रेल, विमान, सड़क से जुड़ा हुआ है। इसी तरह मेरा निर्वाचन क्षेत्र मुम्बई रेल मार्ग से जुड़ा हुआ है। कच्छ से मुम्बई के लिए दो ट्रेनें प्रतिदिन चलाई जा रही हैं। एक सहजी एक्सप्रैस और कच्छ एक्सप्रैस हैं। एक और ट्रेन चलाने की मेरी मंत्रालय से मांग है। वर्तमान में शादी, ब्याह और बच्चों की छुट्टियों का समय है। इस कारण मुसाफिरों की आवाजाही इतनी बढ़ गई है कि वेटिंग लिस्ट पूरा होने के उपरांत भी नो रूम का जवाब मिलता है। मुसाफिर बहुत परेशान हो रहे हैं। मुझे लोक संपर्क के दौरान बड़ी संख्या में इस सुविधा के लिए उग्र फरियाद सुनने को मिलती है। मेरी आपके माध्यम से रेल मंत्रालय से मांग है कि इन दोनों ट्रेनों में दो कोच अतिरिक्त तुरंत लगाए जाएं ताकि मुसाफिरों को सुविधा प्राप्त हो सके।